हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

02 ड्राइवर महासंगठन 25 से स्टेयरिंग छोड़ आंदोलन की ...



04 इंडोर स्टेडियम बना चाकूबाजों का अड्डा, पखवाड़े भर ...






## खबर संक्षेप

### मेघा में लोकरंग अर्जुंदा की प्रस्तुति आज

**मगरलोड।** नवदुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड मेघा के तत्वावधान में आज 16 अक्टूबर गुरुवार की रात्रि में लोकरंग अर्जुंदा की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम मेघा के खेल मैदान में होगा। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष डॉ. कमल सिन्हा ने दी।

### सांसद खेल महोत्सव आज से

**धमतरी।** युवा प्रतिभागियों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने, ग्रामीण स्तर पर खेल, सांस्कृतिक गतिविधियां विकसित करने तथा फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 16 एवं 17 अक्टूबर को बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम धमतरी में खेलों का आयोजन किया जाएगा। आयुक्त नगरपालिक निगम द्वारा इसके लिए अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सांसद खेल महोत्सव के दौरान कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और एथलेटिक्स आदि का आयोजन किया जाएगा।

### नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 7 फरवरी को

**धमतरी।** नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 के तहत कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 7 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2025 तक है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त हाईस्कूल, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि वे जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026-27 में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में ऑनलाइन पंजीयन प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थियों को सूचित कर पंजीयन कराना सुनिश्चित करें।

### जहर सेवन से युवक की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम सिलतरा निवासी सुनील कुमार धृतलहरे पिता अर्जुन सिंह उम्र 38 वर्ष किसानी का कार्य करता था। युवक शराब पीने का आदी था। मंगलवार की दोपहर बाद नशे की हालत में घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। निजी वाहन से युवक को उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने बुधवार को पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया।

वनपट्टा, संस्थागत और कोटवारी जमीन पर खेती करने वालों को भी मिलेगा समर्थन मूल्य का लाभ

# बिना एग्रीस्टेक पंजीयन के होगी डूब प्रभावित किसानों के धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

डूबान प्रभावित, वनपट्टाधारी सहित कई प्रकार के कास्तकारों का एग्रीस्टेक में पंजीयन नहीं होगा। शासन से स्पष्ट निर्देश है कि इन किसानों का पंजीयन सीधा केरी फारवर्ड होगा। ये किसान समर्थन मूल्य में धान तो बेच पाएंगे, लेकिन एग्रीस्टेक में पंजीयन नहीं होने से कई प्रकार की शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं ले पाएंगे।

एक माह बाद धान खरीदी शुरू हो जाएगी। जानकारी के अनुसार इस साल भी 15 नवंबर से खरीदी शुरू करने की तैयारी चल रही है। स्थिति को देखते हुए सहकारी समितियों और खरीदी केंद्रों में तैयारी शुरू हो गई है। धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन भी अंतिम चरण में है। जानकारी के अनुसार अब तक 1 लाख 8 हजार 975 किसानों का पंजीयन केरी फारवर्ड किया जा चुका है। वहीं 2 हजार 954 किसानों का नया पंजीयन किया गया है। पंजीयन का काम अभी भी जारी है, विडंबना यह है कि अब तक डूब प्रभावित, वन पट्टाधारी, संस्थागत जमीन, कोटवारी जमीन, मंदिर, मस्जिद आदि की जमीन पर खेती करने वाले किसानों अब तक एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं हुआ है। अब तक जिनका एग्रीस्टेक पंजीयन हुआ है उन्हीं किसानों का धान खरीदी के लिए पंजीयन किया जा रहा था। यही कारण है कि इन किसानों का अब धान खरीदी के लिए पंजीयन नहीं हो पाया है। अब शासन से नया निर्देश आया है कि इन किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं होगा। बिना पंजीयन के ही इन किसानों का धान खरीदी के लिए पंजीयन किया जा सकता है। इस निर्देश के बाद खरीदी केमें तक डूब प्रभावित, वन पट्टाधारी, संस्थागत जमीन, कोटवारी जमीन, मंदिर, मस्जिद आदि की जमीन पर खेती करने वाले किसानों का पंजीयन करने की तैयारी चल रही है।





### एक माह बाद शुरू होगी खरीदी

किसान काफी समय से नवंबर की पहली तारीख से धान खरीदी की मांग कर रहे हैं। इस साल तो फसल भी जल्दी आ जाएगी। ऐसे में किसान लगातार जल्दी खरीदी शुरू करने की मांग कर रहे हैं। इन मांगों को दरकिनार कर 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने का ऐलान किया गया है। जानकारी के अनुसार इस साल केंद्र सरकार ने कामन धान के लिए 2369 रुपए और ग्रेड ए धान के लिए 2389 रुपए का समर्थन मूल्य निर्धारित किया है।

### संयुक्त खाता वाले किसान मुसीबत में

जिले में कई किसान ऐसे हैं जो संयुक्त खाता की जमीन पर खेती करते हैं। यानि जमीन के रिकार्ड में एक से ज्यादा लोगों का नाम है। ज्यादातर मामलों में भाई-भाई के बीच बंटवारा नहीं होने के कारण वे एक खाता की जमीन पर खेती करते हैं। ऐसे किसानों का भी पंजीयन अधर में है। अब तक इन किसानों के लिए कोई निर्देश नहीं आया है। जानकारी के अनुसार कई संयुक्त खाता धारक किसानों का पंजीयन हो चुका है, लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में संयुक्त खाता धारक किसान पंजीयन की बाट जोह रहे हैं।

# एक की जमानत नामंजूर, तीन ने हाईकोर्ट में लगाई अर्जी

**धमतरी।** शिक्षाकर्मी भर्ती घोटाले के एक और आरोपी की जमानत अर्जी विशेष न्यायालय ने नामंजूर कर दी है। उधर अन्य तीन आरोपियों ने बिलासपुर हाईकोर्ट में, एक आरोपी ने विशेष न्यायालय में जमानत के लिए अर्जी प्रस्तुत की है, जिन पर विचार होना बाकी है।

प्राथमिक शाला दमकाडीह के वर्तमान प्रधानपाठक भागीरथी सोनकर ने विशेष न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन पेश किया था। बुधवार को इस जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। न्यायाधीश रामकुमार तिवारी ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद जमानत अर्जी नामंजूर कर दी। उधर तीन आरोपियों ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी लगाई है। इनमें तत्कालीन विकासखंड शिक्षाधिकारी एवं छानबीन समिति के सचिव एनआर साहू, प्रधानपाठिका उषा गायकवाड, शिक्षक हरिशंकर साहू साहू शामिल हैं। इसके अतिरिक्त एक अन्य आरोपी थानेश्वर कश्यप ने विशेष न्यायालय धमतरी में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी लगाई है।

### पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

अर्जुनी व मगरलोड थाना की संयुक्त कार्रवाई

# फर्जी सिम कार्ड जारी करने वाले दो पीओएस एजेंट गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राहकों के दस्तावेज व बायोमेट्रिक डेटा का दुरूपयोग कर फर्जी सिम कार्ड जारी करने वाले दो पीओएस एजेंट को गिरफ्तार कर अर्जुनी व मगरलोड पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की है।

पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर की सूचना व एसपी के निर्देश पर पुलिस ने प्वाइंट आफ सेल-पीओएस एजेंटों द्वारा फर्जी सिम कार्ड जारी करने की जांच शुरू की। जांच के दौरान अर्जुनी थाना अंतर्गत पीओएस एजेंट नूरेन्द्र पुरी पिता महेन्द्र पुरी उम्र 23 वर्ष ग्राम तरसींवा द्वारा भारतीय एयरटेल लिमिटेड के 95 एवं वोडफोन-आईडिया कंपनी के 44 सिम कार्ड कुल 139 सिम कार्ड फर्जी तरीके से जारी करना पाया गया। आरोपी ने ग्राहकों के आधार कार्ड, फोटो एवं बायोमेट्रिक डेटा का दुरूपयोग करते हुए बिना सत्यापन के सिम कार्ड एक्टिवेट किया। उक्त सिम कार्ड का आगे फर्जी कॉल, ओटीपी चोरी एवं वित्तीय धोखाधड़ी में उपयोग किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि कुछ सिम कार्ड का उपयोग साइबर अपराधों में किया गया है। आरोपी के कब्जे से सिम जनरेट करने में प्रयुक्त मोबाइल व सिम कार्ड जप्त किया गया है। अर्जुनी पुलिस ने मामले में धारा 318(4) बीएनएस धारा 66(सी) आईटी एक्ट एवं टेलीकम्युनिकेशन एक्ट की धारा 42(3)(ई) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी नूरेन्द्र पुरी ग्राम तरसींवा थाना अर्जुनी निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

फर्जी सिम कार्ड का दूसरा मामला मगरलोड थाना क्षेत्र का है। दुर्जनराम सिन्हा उम्र 55 वर्ष ग्राम बोरसी निवासी ने वर्ष 2022 में जियो कंपनी का सिम नंबर खरीदा था लेकिन पीओएस एजेंट नंदकुमार निषाद ने उसके आधार कार्ड एवं फेस आईडी का उपयोग कर फर्जी सिम नंबर किसी अन्य व्यक्ति को जारी कर दिया। दुर्जन सिन्हा की शिकायत पर पुलिस ने जांच में पाया कि आरोपी ने पीओएस आईडी नंबर का दुरूपयोग कर सिम कार्ड को फर्जी तरीके से एक्टिवेट किया। पुलिस ने मामले में धारा 419, 420 भादंस, 66(सी) आईटी एक्ट एवं 42(3)(ई) टेलीकम्युनिकेशन एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी नंदकुमार निषाद पिता प्रहलाद उम्र 41 वर्ष ग्राम बोरसी भाठापारा थाना मगरलोड निवासी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है।





### फर्जी सिम कार्ड प्रकरण में पांचवीं गिरफ्तारी

उल्लेखनीय है कि सिटी कोतवाली व सिहावा पुलिस बीते दिनों फर्जी सिम कार्ड तैयार करने एवं उपयोग करने के तीन प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज चुकी है। इसी तरह के प्रकरण में यह चौथी कार्रवाई है जिसमें दो पीओएस एजेन्ट को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। फर्जी सिम कार्ड जारी करने वाले पांच आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं। ऐसे प्रकरणों में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की पुलिस पतासाजी कर रही है।




केरेगांव रेंज में मिला पदचिन्ह, वन विभाग का अमला हुआ सक्रिय

# डुबान में घूम रहा बाघ, कई गांवों में अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गंगरेल बांध के डूब प्रभावित क्षेत्र में बाघ के सक्रिय होने की खबर है। इस इलाके में किसी ने प्रत्यक्ष रूप से बाघ को देखा तो नहीं है, लेकिन वन विभाग को बाघ के पैरों के निशान मिले हैं। गंगरेल के गार्डन वाले क्षेत्र में भी लोगों ने बाघ को देखने पुष्टि की थी, परंतु इस क्षेत्र में सर्चिंग के बाद भी बाघ के विचरण करने का कोई सबूत विभाग को नहीं मिला है। फिलहाल वन विभाग ने आसपास के करीब 12 गांवों में लोगों को सावधान रहने के लिए मुनादी कराई है।

वन्यजीवों के नाम पर रिजर्व फारेस्ट सहित धमतरी जिले का जंगल संपन्न होते जा रहा है। हाथियों के कई दल ने इस क्षेत्र में अपना डेरा जमाया था। लंबे समय पर डुबान एरिया में चंदा दल की पैठ रही। अब हाथियों का यह दल आगे बढ़ चुका है। हाल ही में एक दंतैल जंगल से होते हुए शहर में घुस आया था। अब वह गरियाबंद की ओर बढ़ गया है। नई खबर यह है कि गंगरेल बांध के डूब प्रभावित क्षेत्र में एक जंगली बाघ सक्रिय है। सूचना पर वन विभाग ने जंगल की छान मारी तो केरेगांव रेंज में डुबान क्षेत्र में जाने वाले रास्ते के पास बाघ के पैरों के निशान मिले हैं। बताया गया है कि यह फुटहामुड़ा, माड़मसिल्ली से लगा हुआ क्षेत्र है। पदचिन्ह मिलने के बाद वन विभाग का अमला सक्रिय हो गया है और बाघ को ट्रेस करने में जुटा हुआ है।

### ऐसे मिली खबर

गंगरेल बांध के गार्डन वाले इलाके में मंगलवार को कुछ लोगों ने बाघ देखे जाने की सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग को इस क्षेत्र में बाघ तो नहीं मिला लेकिन सावधानी के तौर पर आसपास के गांवों में मुनादी करा दी गई कि जंगल में हिंसक जंगली जीव घूम रहा है, बेवजह बाहर न निकले। इसके बाद वन विभाग बाघ की पुष्टि करने में जुट गया। विभागीय अमले को केरेगांव रेंज के जंगल में बाघ के पैरों के निशान मिले। यहां भी आसपास गांवों में सावधान रहने के लिए मुनादी कराई गई है।




### लंबित मांगों पर कार्रवाई न होने पर जताया आक्रोश, एसडीएम नगरी को सौंपा ज्ञापन

# ड्राइवर महासंगठन 25 से स्टेयरिंग छोड़ आंदोलन की राह पकड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन नगरी-सिहावा ने लंबित मांगों पर ठोस कार्रवाई न होने पर गहरा आक्रोश जताया है। 15 अक्टूबर को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नगरी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में महासंगठन ने सरकार से मांग की है कि छत्तीसगढ़ राज्य में पूर्ण शराबबंदी लागू की जाए। ड्राइवर आयोग का गठन किया जाए। ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड की स्थापना की जाए। संगठन ने बताया कि उपरोक्त मांगों को लेकर तीन बार राज्य सरकार को ज्ञापन सौंप चुके हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। महासंगठन ने 6 जून को एक अल्टीमेटम दिया था कि यदि 1 अक्टूबर तक इन मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो प्रदेश



भर के ड्राइवर 25 अक्टूबर से स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन प्रारंभ करेंगे। आंदोलन की शुरुआत कर्राघाटी चौक नगरी में प्रातः 9 बजे से की जाएगी, जो अनिश्चितकालीन रहेगा। जब तक सरकार हमारी सभी मांगों को स्वीकार नहीं करती, आंदोलन जारी रहेगा। महासंगठन ने आगे कहा कि यदि इस आंदोलन से आम जनता या जनसुविधाओं पर किसी भी प्रकार का प्रभाव पड़ता है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन एवं संबंधित विभाग की होगी।

मौके पर ड्राइवर महासंगठन नगरी सिहावा के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, उपाध्यक्ष घनश्याम ध्रुव, सचिव राजाराम वट्टी, कोषाध्यक्ष रज्जाक खान, ब्लाक प्रभारी अब्दुल्ल वहीद, संरक्षक भारतलाल साहू, हेमंत नाग, अजय मरकाम, दीपक कंचन, सुनील साहू, सलाहकार प्रदीप कुमार देव, खिंजन पुजारी, बीरबल यादव, शंकरलाल यादव, मुरली मनोहर सिन्हा, दसरू राम बोधले, सूरज यादव सहित संगठन के अनेक सदस्य मौजूद थे।

# सांसद, जिपं अध्यक्ष ने किए शीतला व मावली माता के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

कांकेर सांसद भोजराज नाग एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ग्राम भुरसीडोंगरी पहुंचे, जहां उन्होंने शीतला एवं मावली माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर भुरसीडोंगरी सरपंच लीलाम्बर नागवंशी, उपसरपंच महेन्द्र कुमार साहू, पूर्व जनपद सदस्य एवं ग्रामीण अध्यक्ष सुकचंद मरकाम, ग्रामीण उपाध्यक्ष श्यामचंद कश्यप, ग्राम पटेल शंकर पटेल, मंदिर पुजारी जोहरलाल नागवंशी, सेवानिवृत्त शिक्षक लखमू राम नेताम, मानसिंग साक्षी, लोमश अटलखाम, मोती सेन सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने ग्रामवासियों से संवाद कर क्षेत्र के विकास एवं आवश्यकताओं को





लेकर चर्चा की तथा आश्वस्त किया कि विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। ग्रामीणों ने मंदिर प्रांगण में टिन शेड की मांग रखी जिसे सांसद ने पूरा करने की बात कही।

### रायपुर में आयोजित काव्य प्रतियोगिता में दिखाई अपनी प्रतिभा

# आओ कविता लिखें समूह के बाल कवियों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

राजधानी रायपुर के लाइफ वर्सिटी नवगूंज संस्था द्वारा काव्य प्रतियोगिता श्री गणेश विनायक आई हास्पीटल के सभागार में की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. अनिल गुप्ता, डॉ. नरेन्द्र पाण्डेय, डॉ. उदयभान ने किया। मंच का संचालन संजय शर्मा ने किया। आओ कविता लिखें समूह करेली बड़ी के संस्थापक जितेंद्र सुकुमार साहिर ने बताया कि अलग-अलग एज ग्रुप 10 से 20 वर्ष एवं 21 से 35 वर्ष तक के कवियों के बीच प्रतिस्पर्धा रखी गई थी।

10 से 20 साल की उम्र की प्रतिस्पर्धा में आओ कविता लिखें समूह करेली बड़ी के 11 सदस्य शामिल हुए जिसमें नियति साहू कायनात प्रथम, भावना साहू जज़्बा



द्वितीय और तृतीय ईशा सेन आस्मां रही। इन्हें विशेष सम्मान प्रशस्ति पत्र, मेडल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि नियति साहू ने युवा जागरण, युवा शक्ति पर कविता पढ़ी। भावना साहू ने नशा मुक्ति अभियान को विषय बनाया। ईशा सेन ने महिला सशक्तिकरण के मुद्दे को खूब उठाया। गौरतलब है कि यूट्यूब पर इसका सीधा प्रसारण दिखाया गया। प्रमोद कुमार साहू, परमेश्वर सिन्हा, दिनेश साहू, गुंजा साहू, वंदना सेन, प्रीति साहू, लीलम बघेल, नीलम साहू को भी प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस उपलब्धि पर साहित्यकार जितेंद्र वैद्य, सरपंच खेमलता साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष महेंद्र साहू, किशोर कुमार जांगड़े, सुशील कुमार साहू, बृजेश कुमार देवांगन, अवध राम साहू ने हर्ष जताया है।

# फरसियां मंडल ने मनाया विजयादशमी उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

आरएसएस के शताब्दी वर्ष को नगरी खंड के फरसियां मंडल में बुधवार को विजयादशमी उत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रयागचंद बिसेन थे। अध्यक्षता केशव टेकाम ने की। विशेष अतिथि गरियाबंद नगर संघचालक सत्यप्रकाश मानिकपुरी, एकल विद्यालय अंचल नयापारा की अध्यक्ष दिनेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष केशर निर्मलकर थे। कार्यक्रम में खंड कार्यवाह मोतीलाल दिवाकर, संपर्क प्रमुख महेन्द्र नेताम, दिनेश्वरी नेताम सहप्रभारी, शिवदयाल साहू वरिष्ठ नागरिक, जवाहर मरकाम महामाया समिति, दीनदयाल सेन बूथ प्रभारी अमाली, कृष्णकुमार साहू एवं एकल विद्यालय के 40 नवीन प्रशिक्षु उपस्थित थे।

### नवागांव में मगरलोड संकुलस्तरीय आचार्य आवर्ती वर्ग प्रशिक्षण आयोजित

# आचार्य बच्चों में संस्कार जगाने की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे : रूक्मणि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

सरस्वती शिशु मंदिर नवागांव (खिसोरा) में मगरलोड संकुलस्तरीय आचार्य आवर्ती वर्ग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। अतिथि सरस्वती शिशु मंदिर नवागांव के अध्यक्ष पोखनलाल कंवर, व्यवस्थापक इंदललाल साहू, उपाध्यक्ष चुम्मनलाल साहू, सहसचिव नारदराम साहू, तुलाराम साहू, एवनलाल साहू, पूर्व व्यवस्थापक नाथूराम साहू, रूक्मणि साहू, कुमारीबाई साहू रहे।

व्यवस्थापक इंदल लाल साहू ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर संस्कार और अनुशासन की विद्यालय है। रूक्मणि साहू ने कहा कि शिशु मंदिर की परंपरा ऋषि,



मुनियों के काल से बनी हुई है। यहां के आचार्य बच्चों के अंदर संस्कार जगाने की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आचार्य नव सृजन का कार्य करते हैं। तुलाराम साहू ने कहा कि शिक्षक बच्चों के लक्ष्य को पहुंचाने महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अध्यक्ष पोखनलाल कंवर ने कहा कि आचार्य की भूमिका सराहनीय है। आगे कहा कि जिस तरह कुम्हार मिट्टी से अनेक रूप देते हैं, वही आचार्य बच्चों को संस्कारवान बना रहे हैं।

भोपाल से गणित विषय पर प्रशिक्षित प्रधानाचार्य नूतन साहू मेघा ने कहा प्रारंभिक स्तर पर बच्चों को गणित विषय कैसे पढ़ाएं, उन पर जानकारी दी। बोडमोस सूत्र से हल करना बताया। बसंती साहू, नंदनी शर्मा ने शिशु वाटिका प्रशिक्षण में सीखी विधि को आचार्यों को बताया। इसके अलावा बच्चों को कबाड़ से जुगाड़ कर गतिविधि कराने जोर दिया गया।

मौके पर हसदा संकुल समन्वयक चेलाराम पटेल, बोड़रा प्रधानाचार्य शंकर साहू, प्रधानाचार्य नवागांव प्रकाश साहू, प्रधानाचार्य रांकाडीह कौशल साहू, प्रधानाचार्य सरगी रामसिंग ध्रुव, प्रधानाचार्य बोरसी वेदराम सिन्हा, प्रधानाचार्य करेली नूतन कुमार साहू, प्रधानाचार्य खिसोरा जागेश्वर कश्यप, प्रधानाचार्य मोहंदी रूपेश कुमार साहू मौजूद रहे।

## निधन

### पोषण गुरूपारख

**पुरूर(धमतरी)।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिटौद में पदस्थ उच्च वर्ग शिक्षक पोषणलाल



गुरूपारख (60 वर्ष) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम खोरदो में हुआ जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। वे डेविड एवं सोमनाथ गुरूपारख के पिता थे। उनके आकस्मिक निधन पर शाला परिवार ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# शिक्षा और जागरुकता से होगा एड्स और नशे का खात्मा

■ आमदी कालेज के रेड रिबन क्लब ने बताए एचआईवी के लक्षण और बचाव के उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)

आमदी कालेज के रेड रिबन क्लब द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आमदी में एचआईवी एड्स एवं नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। रेड रिबन क्लब के स्वयंसेवकों ने छात्रों को समझाया कि एचआईवी एड्स केवल एक स्वास्थ्य समस्या नहीं है, बल्कि इससे जुड़ी भ्रांतियों और सामाजिक



पूर्वाग्रहों से निपटना भी आवश्यक है। उन्होंने संक्रमण के कारण, लक्षण और बचाव के प्रभावी उपाय बताए। नशे के हानिकारक प्रभावों पर जोर देते हुए स्वयंसेवकों ने स्पष्ट किया कि नशा न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि मानसिक और सामाजिक जीवन को भी कमजोर करता है।

स्कूल के प्राचार्य केके साहू ने कहा कि इस तरह के अभियान विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और सही दिशा में सोचने की क्षमता विकसित करते हैं। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि रेड रिबन क्लब के स्वयंसेवक समाज में जागरूकता फैलाने और युवा वर्ग को प्रेरित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। रेड रिबन क्लब प्रभारी डिगेश्वर अटल ने कहा कि शिक्षा और जागरूकता ही एचआईवी एड्स और नशे जैसी चुनौतियों से निपटने का सबसे सशक्त माध्यम है। सभी ने नशामुक्त और जागरूक समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद साहू, रमेश कुमार, मन्नूलाल साहू, डॉ. उपमा तथा स्वयंसेवकों संगीता, तुलसीरानी, पूर्वी, टविंकल, प्रिया मंडावी, लीना, साहिल का विशेष योगदान रहा।

# वोकल फॉर लोकल : ज्योति ने हथकरघा विक्रेताओं से खरीदी वस्तुएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

वोकल फॉर लोकल के संदेश को आगे बढ़ाते हुए समाजसेवी ज्योति जैन ने स्थानीय हथकरघा विक्रेताओं से हाथ से बनी वस्तुएं खरीदकर स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए आत्मनिर्भर भारत के आह्वान को साकार करने का सबसे सशक्त माध्यम स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा

### आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया



देना है। श्रीमती जैन ने बताया कि हर व्यक्ति अगर अपने दैनिक जीवन में देशी वस्तुओं को प्राथमिकता दे, तो न केवल स्थानीय कारीगरों और बुनकरों को रोजगार मिलेगा, बल्कि देश की आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में भी एक बड़ा कदम होगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि त्योहारों के इस मौसम में विदेशी वस्तुओं की बजाय भारतीय हाथों से बनी वस्तुएं ही खरीदें, जिससे वोकल फॉर लोकल अभियान को बल मिले और देश की परंपरा एवं हुनर को नई पहचान मिले।

इस अवसर पर स्थानीय विक्रेताओं ने भी क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर के साथ-साथ ज्योति जैन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से उन्हें उत्साह और प्रोत्साहन मिलता है। इस अवसर पर कुरूद मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष मोहन अग्रवाल सहित कुरूद भखारा मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जागरुकता अभियान के बावजूद जिले में दुर्घटना का ग्राफ लगातार बढ़ रहा

# हाशिए पर जिंदगी, दुर्घटना को सीधा दे रहे आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भखारा

यातायात विभाग के तमाम जागरूकता प्रयास के बावजूद जिले में लगातार दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। सड़कें खून से लाल हो रही है। बावजूद टीनएजर्स दुर्घटनाओं से सीख नहीं ले रहे है। इसके विपरित जान हथेली पर लेकर कॉलेज ब्वॉयज बीच सड़क पर मस्ती पर चल रहे है। ये फोटोज़ है भखारा-धमतरी स्टेट हाईवे का जहां युवक मोटरसाइकिल से हाथों में हाथ लिए अपने साइकिल सवार मित्र को खींच रहा है। व्यस्ततम रोड में इस प्रकार की लापरवाही कब दुर्घटना में बदल जाए, कहा नहीं जा सकता। ऐसे में सावधानी पूर्वक वाहन चलना ही दुर्घटना से अंतिम बचाव है।

गौरतलब है कि रायपुर से जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में भाठागांव एफसीआई के पहले जब से टोल टैक्स लेने की शुरुआत हुई है तब से ही भखारा-रायपुर मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही होने लगी है जिसके कारण इस रूट में ट्रैफिक प्रेशर बढ़ने लगा है। लिहाज़ा दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। ऐसे में सड़क पर बेतरतीब वाहन चलाना खतरे से खाली नहीं है। कल शाम को दुर्घटना को आमंत्रित करने वाला ऐसा ही नजारा सड़क पर दिखा जब शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विद्यार्थी मोटरसाइकल में अपने साइकिल सवार साथी को रोड के बीचोंबीच हाथ पकड़ कर खींच रहा था। युवा अपने में इतने मशगूल थे कि पीछे से आने वले वाहनों को भी इग्नोर करते रहे। ऐसे में किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो क्या सिर्फ बड़ी गाड़ियों के चालक जिम्मेदार होंगे या फिर सड़क नियमों को दरकिनार करने वाले विद्यार्थी।

### लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाने में टीनएजर्स सबसे आगे

लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने में टीनएजर्स सबसे आगे हैं। ट्रैफिक नियमों की जानकारी नहीं होने के कारण युवा हैवी टूव्हीलर, स्पीड बाइक को चलाने में अधिक रुचि दिखाते हैं। दुर्घटनाओं के अंदेशों से दूर संयमित गति सीमा को दरकिनार कर विशिष्टता दिखाने के प्रयास में अक्सर बड़ी दुर्घटना घट जाती है।

### लापरवाह वाहन चालकों पर हो सख्त कार्रवाई

नगरवासी ऐसी दुर्घटना को रोकने नवपदस्थ थाना प्रभारी समीर तिवारी से उम्मीद लगाए बैठे हैं कि ऐसे लापरवाह वाहनचालकों पर सख्त कार्रवाई करेंगे। वहीं विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की मांग नगरवासी कर रहे हैं ताकि लोगों को दुर्घटनाओं से बचाया जा सके।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कंडेल की जान्हवी का एमबीबीएस में चयन



**धमतरी।** कंडेल निवासी शिक्षक भूषण-संगीता साहू की पुत्री जान्हवी साहू का एमबीबीएस में चयन हुआ है। जान्हवी इसी सत्र में रिम्स कॉलेज रायपुर में एडमिशन लेकर अध्ययन करेंगी। उनकी इस उपलब्धि पर जीआर साहू रिटायर्ड शिक्षक, संगीता देवी, गिरधर साहू, डॉ. हर्षलता साहू, डॉ. हेमेन्द्र साहू, डॉ. विकास साहू, सरस्वती,गोपी साहू, यशोदा, यशवंत साहू, पुष्पा साहू, सुशील साहू, नागेन्द्र, कुलदीप सहित अंचलवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है। बता दें कि जान्हवी दूसरे अवसर पर नीट्स क्लियर किया है।

### इमारतों, वाहनों और ज्वलनशील पदार्थों से दूर जलाएं पटाखे

**धमतरी।** आगामी दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में एडवाइजरी जारी की गई है। जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही पटाखे खरीदें, यह सुनिश्चित करें कि आप गुणवत्ता वाले पटाखे खरीद रहे हैं जो दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करने वाले हो। इमारतों, वाहनों और ज्वलनशील पदार्थों से दूर पार्क, बड़े मैदान जैसे खुले स्थानों में पटाखे जलाएं। पटाखे जलाते समय संभावित आपातकालीन स्थिति के लिये पानी की भरी बाल्टी निकट रखें और आग से संबंधित चोटों के जोखिम को कम करने के लिये सूती वस्त्र पहनने को प्राथमिकता दें। पटाखे जलाते समय बच्चों की निगरानी के लिये हमेशा एक वयस्क साथ हो। पटाखे फोड़ने के बाद इस्तेमाल किये गये पटाखों का बाल्टी के पानी में सुरक्षित तरीके से निपटान करें, ताकि किसी बची हुई चिंगारी से अग्नि दुर्घटना ना हो। जिला सेनानी ने घर के अंदर, खिड़कियों के पास या अन्य बंद स्थानों पर पटाखे न जलाने की सलाह दी। पटाखों को सूखी पत्तियों, गैस सिलेण्डर या वाहनों जैसे वस्तुओं से दूर रखें।

### अंवरी स्कूल में फलदार पौधे लगाए

**अंवरी।** कुरूद तहसील साहू संघ उपध्याक्ष लेखराम साहू ने अपने 58 वें जन्मदिन पर प्राथमिक शाला परिसर अंवरी में फलदार पौधे लगाए। मौके पर भखारा साहू संघ तहसील अध्यक्ष कामता साहू, दरबा परिक्षेत्र साहू संघ अध्यक्ष रामचंद्र साहू, उपाध्यक्ष जीवन साहू, महिला संगठन सचिव सुनीता साहू, तीरथराम साहू, रेखराम साहू, धनसिंग साहू, पुरूषोत्तम, भुनेश्वर साहू, सरस्वती साहू, लीलाराम यादव उपस्थित थे।







## त्योहार को देखते हुए पुलिस ने सख्त की निगरानी

# इंडोर स्टेडियम बना चाकूबाजों का अड्डा, पखवाड़े भर में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



असामाजिक तत्व व चाकूबाजों के लिए इंडोर स्टेडियम पसंदीदा अड्डा बन गया है। पखवाड़े भर में पुलिस ने स्टेडियम परिसर में चाकू लहराते तीन चाकूबाजों को गिरफ्तार किया है। वहीं त्योहार को देखते हुए कड़ी निगरानी शुरू कर दी है।

शहर के खेल मैदानों में जहां बच्चे व युवा विभिन्न खेल का आनंद लेते हैं। वहीं बुजुर्ग मार्निंग व इवनिंग वॉक करते नजर आते हैं लेकिन शहर के अधिकतर खेल मैदानों को असामाजिक तत्व व चाकूबाजों ने अपना पसंदीदा ठिकाना बना लिया है। वे देर रात तक खेल मैदानों व सुनसान इलाकों में जमावड़ा कर शराब सेवन कर उत्पात मचाते रहते हैं जिसके कारण खेल प्रेमियों व टहलने वालों को मैदान में घुसने से पहले कई बार सोचना पड़ता है। असामाजिक तत्व शराब पीने के बाद शीशियां मैदान में ही फोड़ देते हैं। पीजी कालेज स्टेडियम, एकलव्य खेल मैदान, इंडोर स्टेडियम, मिशन ग्राउंड, जालमपुर मैदान इनका पसंदीदा अड्डा बना हुआ है। आमातालाब रोड स्थित इंडोर स्टेडियम चाकूबाजों का गढ़ बन चुका है। बीते पखवाड़े भर में स्टेडियम परिसर में चाकू लहराकर लोगों को भयभीत करने वाले तीन चाकूबाजों को कोतवाली पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इसी क्रम में पेट्रोलिंग पर निकली कोतवाली टीम मुखबिर की सूचना पर कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में इंडोर स्टेडियम पहुंची। पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से संजय साहू पिता जगदीश उम्र 34 वर्ष लालबगीचा खम्मन बाड़ी निवासी को पकड़ा। आरोपी हाथ में धारदार चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से धारदार बड़ा चाकू जप्त किया। उसके खिलाफ मामले में कोतवाली थाना में धारा 25-27 क आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी संजय साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### आरोपी के खिलाफ दर्जन भर मामले

आरोपी संजय साहू आपराधिक प्रवृत्ति का है। उसके खिलाफ पूर्व में 12 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी पर विभिन्न धाराओं के तहत सिटी कोतवाली, अर्जुनी, रायपुर व बालोद में अपराध पंजीबद्ध है। पुलिस ने आम जनता से संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल देने की अपील की है।

### पुलिस दे रही दबिश

आगामी दीपावली त्योहार को देखते हुए एसपी सूरज सिंह परिहर के निर्देश पर पुलिस गुंडा-बदमाशों व चाकूबाजों पर लगातार कड़ी निगरानी रख रही है। संदिग्धों की चेकिंग के साथ सतत पेट्रोलिंग कर असामाजिक तत्वों के ठिकानों पर दबिश भी दे रही है। वहीं जुआ, सट्टा, अवैध शराब व नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है।

# जिपं की सामान्य सभा में गूंजे कई मुद्दे



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला पंचायत में बुधवार को सामान्य सभा की बैठक हुई, जिसमें विभिन्न 8 विभाग के कार्यों की समीक्षा को एजेंडे में शामिल किया गया था। इसके अतिरिक्त कई अन्य समस्याओं को लेकर जिला पंचायत सदस्यों ने आवाज बुलंद की।

बुधवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में सामान्य सभा की बैठक हुई। बैठक में शिक्षा विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सड़क निर्माण विभाग, कृषि विभाग, क्रेडा, सहकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा हुई। इन एजेंडों के अलावा जिला पंचायत सदस्यों ने खराब सड़क, दुर्घटनाओं और अवैध रेत उत्खनन पर आवाज बुलंद की।

# बेस बॉल व कराते में शंकरदाह के 25 खिलाड़ी चयनित



**धमतरी।** राज्यस्तरीय कराते व बेसबॉल स्पर्धा के लिए शाउमावि शंकरदाह के सर्वाधिक खिलाड़ियों का चयन हुआ है। 14 वर्ष आयु वर्ग (बालक) में नितिन, दुर्गेश, डिकेश, फ़लेश व बालिकाओं में शालिनी, लक्ष्मी ,ललिता, वास्तवि, कंचन। 17 वर्ष बालक में देवेंद्र सिन्हा, प्रदीप कुमार, राजेंद्र, खूबलाल, बालिका वर्ग में डाली साहू, गोमती सिन्हा, केसरी, प्राची सिन्हा, 19 वर्ष बालक में भावेश कुमार साहू, पुष्पेंद्र साहू, हेमशंकर ध्रुव, बालिका वर्ग में नंदिता निषाद, चांदनी साहू, हेमा ध्रुव, कृतिका तथा कराते में निहारिका सोनकर का चयन हुआ है। खेल शिक्षक प्रदीप सिन्हा ने बताया कि 15 से 18 अक्टूबर तक राज्यस्तरीय शालेय बेसबॉल व कराते स्पर्धा का आयोजन बिलासपुर में आयोजित है जिसमें ये छात्र रायपुर संभाग व जिला धमतरी का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ी के चयन पर मोनिका देवांगन जिला पंचायत सदस्य, सत्यप्रभा साहू जनपद सदस्य, अभय जायसवाल जिला शिक्षा अधिकारी, शकीला देवदास सहायक क्रीड़ा अधिकारी, हरीश देवांगन, श्रीमती रमी गौतम सरपंच, रामवती सिन्हा सरपंच डोड़की, चुम्मन बाई कंवर सरपंच बलियारा, हेमंत साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति, श्रीमती एस दुबे प्राचार्य, अमृत ध्रुव, भानु नेताम, सोमन देवांगन, रामकृष्ण ध्रुव, विनोद डिंडोलकर, गीतेश्वर साहू, टी वैद्य, एच अंधारे, एम शाह, के लूनिया, आरके राखेचा, व्ही तिवारी, एन साहू, पवन परिहा, शव्या गोस्वामी, कंचनलता साहू, एस ध्रुव, उषा जाचक, सपना सिन्हा, निष्ठा तिवारी, रंजना चंद्राकर, देवशरण वर्मा, तुषार पाण्डेय, बलदाऊ साहू ने हर्ष जताया है।

# आरव का नेशनल रोलर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में चयन




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

18 वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय रोलर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना में हुई। इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के छात्रों के बीच मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल धमतरी के छात्र आरव साहू पिता चंद्रशेखर साहू ने आयु वर्ग 6-8 वर्ष में 1- लेप एवं डी रिंक रेस में प्रथम स्थान एवं 2-लेप एवं डी रिंक रेस में द्वितीय स्थान के साथ स्वर्ण एवं रजत पदक प्राप्त किया। आरव का चयन 5 से 15 दिसंबर तक आयोजित 63 वीं नेशनल रोलर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 2025 में हुआ।धमतरी जिले से आरव एकमात्र स्पीड इनलाइन स्केटर हैं। उनके इस ऐतिहासिक प्रदर्शन पर शाला परिवार एवं प्रबंधन समिति ने हर्ष जताया है।

# बिजली चोर गद्दी छोड़ नारों से गूंजा शहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कांग्रेस के युवा नेता गौतम वाधवानी एवं हितेश गंगवीर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभान का स्वागत किया । अर्जुनी चौक पर फूलों की वर्षा और जयकारों के बीच सैकड़ों युवाओं की बाइक रैली ने शहर को कांग्रेसमय कर दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभान बिजली चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत कांकेर की ओर रवाना हो रहे थे। धमतरी पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

उदयभान ने कहा कि यह जनजागरूकता अभियान भ्रष्टाचार, महंगाई और बिजली संकट जैसी जनता की समस्याओं को उठाने के लिए चलाया जा रहा है। बिजली चोर गद्दी छोड़ नारा सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि जनता की आवाज है, जिसे अब छत्तीसगढ़ के हर जिले में गूंजाया जाएगा। प्रदेश प्रभारी अमित पठनीय ने कहा कि धमतरी की यह रैली युवाओं की एकता और शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब युवा जागता है तो सत्ता की नींव हिल जाती है, यही इस रैली का असली संदेश है। अर्जुनी चौक से अंबेडकर चौक तक निकली रैली में सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया और सरकार की नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। कार्यक्रम में मोनिका मंडरे, आकाश शर्मा, लिली श्रीवास, गुलजेब अहमद, उमेश डोंगरे, ओंकार साहू, आनंद पवार, सूर्यप्रभा चेट्टियार, शास्त्री सोनवानी, दीपक सोनकर, विशु देवांगन, योगेश लाल, उदित साहू, नरेंद्र सोनवानी, प्रमोद कुंजाम, कुलेश्वर देवांगन, देवेंद्र देवांगन, अजय सिन्हा, देवराज साहू, राजा देवांगन, चंदन रजक, अविनाश मल्होत्रा, फिरोज बनपेला सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सांसद खेल महोत्सव गांवों में छिपी प्रतिभा को सामने लाने का सशक्त मंच : रंजना



- डाही सेक्टर में सांसद खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

डाही सेक्टर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ। यह आयोजन युवा शक्ति का उत्सव सांसद खेल महोत्सव की थीम पर आधारित है, जिसमें डाही सेक्टर की 18 ग्राम पंचायतों के युवा खिलाड़ी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। शुभारंभ अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बालाराम साहू, जनपद उपाध्यक्ष केशव साहू, जिपं सदस्य श्रीमती धनेश्वरी साहू, जनपद सदस्य श्रीमती फागेश्वरी साहू, भोथली मंडल अध्यक्ष श्री मिश्री पटेल, कमलनारायण ध्रुव सहित 18 ग्रामों के सरपंच, सोसायटी प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्रीमती साहू ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन या प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं के सर्वांगीण विकास का आधार है। यह महोत्सव गांव-गांव में छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का सशक्त मंच है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलो इंडिया जैसी योजनाओं से देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बालाराम साहू ने कहा कि गांवों में अपार खेल प्रतिभा है, जिसे पहचान कर आगे बढ़ाने की जरूरत है। सांसद खेल महोत्सव जैसी पहल ग्रामीण अंचलों में नवाचार और ऊर्जा का संचार करती है। यह आयोजन युवाओं को नशामुक्त, स्वस्थ और सक्रिय जीवन की दिशा में प्रेरित करता है।

# हिंदू समाज की सुरक्षा के लिए हमें एकजुट होना होगा : ठाकुर





- आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर जगतजननी प्रभात शाखा से बस्ती में निकला पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जगतजननी प्रभात शाखा बस्ती धमतरी के स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में सरस्वती शिशु मंदिर आमातालाब से नगर में पथ संचलन कर समाज को भारत माता की रक्षा हेतु जागृत किया। मुख्य वक्ता दीपक सिंह ठाकुर प्रांत युवा आयाम हिंदू जागरण मंच, जिला संघचालक श्याम अग्रवाल, नगर संघचालक राम लखन गजेन्द्र थे। अध्यक्षता भागवतराम टांडेकर सेवानिवृत शाखा प्रबंधक एसबीआई ने की। इस दौरान स्वयंसेवकों ने योग, प्राणायाम का प्रदर्शन किया। श्री टांडेकर ने संघ की महिमा पर प्रकाश डाला।

मुख्य वक्ता दीपक सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में संघ की स्थापना, उद्देश्य, 100 वर्ष की यात्रा में संघर्षमय देवतुल्य प्रचारकों की भूमिका को बताया। आगे कहा कि आपातकाल जैसे कठिन परिस्थितियों में भी संघ ने धैर्य के साथ भारत माता की सेवा कार्य को जारी रखा। देश के अंदर विभिन्न आनुषांगिक संगठन हैं जो अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य करते हुए भारत माता की सेवा कर रहे हैं। हिन्दू समाज की रक्षा के लिए प्रथम पंक्ति में खड़ा है। प्रत्येक समाज को जाति, पंथ, अस्पृश्यता मिटाकर हिन्दू समाज की सुरक्षा के लिए एक मत होना होगा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ वह राष्ट्रीय भावना है जो सभी स्वयंसेवकों के अंतरात्मा में बसता है।

मौके पर प्रांत सह सेवा प्रमुख मोहन लाल साहू, राकेश साहू प्रांत महाविद्यालीन प्रमुख, पुरुषोत्तम निषाद जिला संयोजक हिंदू जागरण मंच, भेदूप्रकाश साहू जिला पर्यावरण संयोजक, शिक्षक सागर निर्मलकर, स्वयंसेवक रूपेश निर्मलकर समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# दीपावली में सुरक्षा एवं बिजली की बचत करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दीपावली पर्व पर सभी घरों में विद्युत के झालर एवं लाइटिंग के अन्य उपकरणों का साज-सज्जा किया जाता है जिससे विद्युत की मांग में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हो जाती है।

अतिभार के कारण विद्युत ट्रांसफार्मर, लाइन एवं अन्य विद्युत उपकरणों के क्षतिग्रस्त होने एवं विद्युतीय दुर्घटना होने एवं जन धन की भी हानि की आशंका बढ़ जाती है। घरों में लाइटिंग हेतु कटे-छिले, निर्धारित मापदण्ड से कम एवं अमानक श्रेणी के वायर झालर या अन्य लाइटिंग बल्ब का उपयोग किये जाने से इसके संपर्क में आने से विद्युत दुर्घटना घटित हो सकती है। विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता अनिलप्रसाद सोनी ने बताया कि कुछ शरारती तत्वों द्वारा हाथ में पटाखा जलाकर ट्रांसफार्मर एवं विद्युत उपकरणों की ओर उछाला जाता है, जिससे भी विद्युत दुर्घटना घटित हो सकती है।

कई स्थानों पर विद्युत की चालू लाइन में अवैध रूप से हुकिंग करके भी विद्युत का उपयोग किये जाने के प्रकरण सामने आये हैं। चेकिंग के दौरान ऐसा पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जायेगी। बच्चों को बिजली के तारों से छेड़छाड़ न करने हेतु सावधान करें। विद्युत दुर्घटना होने पर तत्काल निकट के फ्यूज ऑफ कॉलसेंटर में सूचित करें।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

### मनुराज-उपासना ने बांधा समां, पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा

# बस्तर दशहरा महोत्सव में धमतरी की धमाकेदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा महोत्सव में इस वर्ष धमतरी के राष्ट्रीय स्तर के तबलावादक पं. मनुराज पचौरी और उनकी शिष्या, राष्ट्रीय कथक कलाकार उपासना भास्कर ने अपनी अनोखी गुरु-शिष्य संगति से ऐसा जादू बिखेरा कि पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

करीब आधे घंटे की इस प्रस्तुति ने दशहरा महोत्सव को एक यादगार सांस्कृतिक पर्व में बदल दिया। उपासना ने भावपूर्ण शिव स्तुति से नृत्य आरंभ किया, फिर लयबद्ध तिहाइयों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का उत्कर्ष था दुर्गा स्तुति, जिसमें उनके साथ नगर की दो नवोदित प्रतिभाएं पंखुड़ी कुलकर्णी और प्रियांशी साहू भी मंच पर थीं। ये दोनों श्रीकृष्ण संगीत महाविद्यालय धमतरी की छात्राएं हैं और राष्ट्रीय स्तर की कई प्रतियोगिताओं में अपनी पहचान बना चुकी हैं।

संगीत संगति में महाविद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र साहू ने स्वर साधना से साथ दिया, जबकि तबले पर पं. मनुराज पचौरी की अद्वितीय ताल साधना ने प्रस्तुति को चार चांद लगा दिए। गुरु-शिष्य की यह जुगलबंदी दर्शकों के दिलों में उतर गई।

कार्यक्रम के बाद मनुराज और उपासना ने कहा कि बस्तर महोत्सव केवल बस्तरिया संस्कृति का दर्पण ही नहीं, बल्कि आदिवासी लोकजीवन की अनमोल झलक भी प्रस्तुत करता है। उन्होंने बताया कि स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने की भावना से ही पंखुड़ी और प्रियांशी को इस प्रस्तुति में शामिल किया गया।

इनकी इस उपलब्धि पर महापौर रामू रोहरा, पीवी पराड़कर, पूर्व विधायक हर्षद मेहता, इंदर चोपड़ा, भरत सोनी, चेतन हिंदूजा, पूर्व महापौर विजय देवांगन, वरिष्ठ पत्रकार रंजीत छाबड़ा, विजय साहू, मुकेश जैन और भोजराज साहू ने हर्ष जताया है। भारत का सबसे लंबा चलने वाला उत्सव माना जाने वाला बस्तर दशहरा इस बार धमतरी के कलाकारों की प्रस्तुति से और भी अविस्मरणीय बन गया।